Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 16-03-2005

Participants : Singh Ch. Lal

>

Title: Need to provide relief to the people towards damage of crops and houses in Jammu & Kashmir.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : स्पीकर साहब, मैं आपकी इजाजत से अपनी रियासत जम्मू-कश्मीर का मामला यहां उठाना चाहता हूं। पूरे हिन्दुस्तान की जनता और सरकार वहां के हालात से वाकिफ है। पिछले दिनों हमारी स्टेट में बारिश हुई, बर्फ गिरी और उसके कारण एवलांचेज़ हुए। उससे प्रदेश में काफी तबाही हुई है। हमारी क्रॉप खत्म हो गई है और कई मकान नट हो गए हैं। कुछ जगह लोगों की जानें भी गई हैं। इसके अलावा जानवरों की भी क्षति हुई है। जब हमारा टोटल इलाका बारिश और बर्फ से तबाही झेल रहा था, तब प्रधान मंत्री जी, सोनिया गांधी जी और अन्य लोगों ने वहां का दौरा किया था। सरकार ने वहां निर्देश भी जारी किए थे कि यहां से एक टीम वहां जाएगी, जो वहां का सर्वे करेगी। वहां जो नुकसान हुआ है, उसके मुताबिक रिलीफ देने की बात भी कही गई थी। मेरे संसदीय क्षेत्र उधमपुर में डोडा और कठुआ इससे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। मैं सरकार से आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि वह इस पर

तरजीह दे और उस इलाके में करीब 20,000 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें आई.ए.वाई. के तहत बनाने के लिए सहायता प्रदान करे, ताकि उन गरीबों को राहत मिल सके। आपने समय दिया, उसके लिए बड़ी मेहरबानी।...(व्यवधान)

---

* Not Recorded.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : मैंने कल भी नोटिस दिया था।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: This is not the way to behave young man. I am trying to cooperate with everybody. I am only appealing for cooperation.

... (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आप बताएं मैंने किसको नहीं बुलाया।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: There are 40 notices. Can I call all the 40 Members together? It is very easy to show red eyes to the Chair. This is the position of the Chair today. Are you adding to the dignity of the House, young man?